University in News on 07 April 2021

TOI PAGE 2

Virus snuffs out eminent LU professor

'It's A Loss To Sanskrit Edu Globally'

Times News Network

Lucknow: Lucknow University lost yet another gem to Covid-19 on Tuesday, when renowned Sanskrit scholar and Padma Shri awardee Prof BK Shukla (58) died battling the virus. He had been admitted in RMLIMS for eight days.

Prof Shukla was the head of the department of Jyotir Vigyan and director of the Abhinavagupt Institute of Aesthetics and Shaiva Philosophy. His untimely death has rendered a blow to these two disciplines he nurtured all through his career. He was planning to start several PhD research courses on Shaivism from the coming session. He was also dean, faculty of arts, and officiating as the head of 12 other departments in which either a dispute over headship was on or a qualified person was not available.

Prof Shukla, survived by his wife, son and daughter, is the fourth professor associated with LU to have succumbed to Covid in the past six months.

He took ill soon after participating in a seminar held on March 23-24 to mark the inauguration of the building of the Abhinavagupt Institute and tested Covid-19 positive on March 28. He was admitted to RMLIMS the next day when his condition deteriorated. He died due to cardiac arrest triggered by respiratory failure.

The demise of the Sanskrit scholar has sent shock waves across the academic world. Social media was flooded with condolence messages and photographs of Prof Shukla receiving Padma Shri from president Ramnath Kovind in 2019 and the inauguration of his institute's building on March 23. LU also held an online meet to condole his death.

Prof Shukla received Padma Shri from President Kovind in 2019

LU, colleges shut till April 10

Lucknow University on Tuesday announced to shut its campus and all associated colleges till April 10. On March 31, LU and colleges had decided to switch over to online teaching mode. However, LU teachers' and employees' associations have demanded that LU campus be declared a containment zone and closed till April 20 to break the transmission chain. Several family members of teachers down with Covid-19 have also tested positive. "Most of the teachers who got infected and the two professors who died had been coming to the university regularly till March 31," said LUTA president Prof Vineet Kumar Verma.

9 from same event infected

Besides Prof Shukla, eight other faculty members, serving and retired, who took part in the function to mark the inauguration of the building have tested positive. The condition of four is critical: three are in ICU and one on ventilator.

With tears in her eyes, assistant professor in Sanskrit Bhuvneshwari Bhardwaj, who had also been Prof Shukla's student, said, "It's not just a loss for LU, but for the entire teaching fraternity across the world and Sanskrit language and research. He authored several papers and books. The list of awards he got is unending."

THE PIONEER PAGE 3

Prof BK Shukla of LU succumbs to Covid-19

Administrative office, associated colleges closed till April 10

File picture of Prof BK Shukla receiving Padma Shri from President of India Ram Nath Kovind

PNS ■ LUCKNOW

Dean, Faculty of Arts and head of Lucknow University's Sanskrit department Prof BK Shukla succumbed to Covid-19 on Tuesday morning. He was 59. He was also a Padma Shri awardee. Prof Shukla was admitted to the Covid facility of Ram Manohar Lohia Institute of Medical Sciences on March 30 after testing positive for coronavirus infection and over complaints of shortness of breath. A senior doctor said Prof Shukla had moderate symptoms at the time of hospitalisation but he developed severe pneumonia and had been on ventilator for the past five days.

"When he arrived at the hospital, we had to put him on oxygen and he was hypertensive as well as diabetic. His symptoms gradually increased and his condition deteriorated. The oxygen demand increased because of the severity of pneumonia, with the virus penetrating his lungs. With the kind of co-morbidities he had, Prof Shukla was in the high-risk category," the doctor said.

Prof Vibhuti Rai from Geology department said that Prof Shukla might have contracted the infection during a programme organised at Abhinav Gupt Sansthan in Lucknow University recently.

"After that programme, a number of professors got infected," he said. He added that Prof Shukla was a thorough gentleman and softspoken. "He was very knowledgeable and helpful," Prof Rai said.

However, his colleagues were not sure whether or not he was vaccinated. Some said he might have taken a vaccine dose. President of Lucknow University Teachers Association (LUTA) Vineet Kumar Verma said they were shocked by the untimely death of Prof Shukla.

"It is important to know from where he caught the infection and what was the source of coronavirus infection in Lucknow University," he said, adding: "We have had several cases but no containment zone has been created in the residential area of the campus."

"Several teachers, students and staff members have tested positive. There should be coordination between the university and district administration and necessary steps taken to curb the spread of virus. Contact tracing should be carried out for all those who have tested positive and the information be made public," he said.

LUTA also organised an online condolence meet for Prof Shukla and it was said that his death was a great setback for the university.

Apart from being a Padma Shri awardee in 2019, he was also felicitated with 'Sanskrit Sahitya Puruskar' in 2014, 'Saraswati Samman' in 2012, 'Vikram Kalidas Award' in 2011 and 'Shisksha Shri Samman' in 2010.

the Lucknow University administrative office and associated colleges will remain closed till April 10 to break the chain of virus. Spokesperson Durgesh Srivastava said the university had written to the district administration seeking consent for the closure of the administrative office till April 10. In a letter written by the registrar to the district administration, it was stated that two Prof (retd) AK Sharma and Prof BK Shukla had succumbed to Covid-19. The administration was also informed that the deputy registrar and assistant registrar had also tested positive in the administrative block along with a number of others in the same block. Both the employees' union and teachers' association had demanded closure of the university to break the chain of infection.

AMAR UJALA MY CITY PAGE 1 & 5

लविवि : डिप्लोमा कोर्सों की प्रवेश प्रक्रिया 15 के बाद ही

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विवि में पीजी स्तर पर चलने वाले लगभग 30 डिप्लोमा कोर्सों की प्रवेश प्रक्रिया कोरोना संक्रमण के चलते इस बार देरी से शुरू हो सकती है। इसके आवेदन अब 15 अप्रैल के बाद ही शुरू होने की उम्मीद है।

विश्वविद्यालय ने लगभग एक महीना पहले यूजी-पीजी व पीएचडी प्रवेश आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी थी। इसके बाद बीएलएड-डीएलएड व एमएड के भी आवेदन हाल में शुरू कर

विभाग बंद होने से नहीं मिल रही पूरी जानकारी

दिए गए हैं, किंतु इसी बीच विवि के काफी शिक्षकों के कोरोना संक्रमित होने के कारण विवि लगभग बंद हो गया है।

क्लासेज ऑनलाइन होने से अधिकतर शिक्षक विवि नहीं आ रहे हैं। वहीं, डिप्लोमा कोर्सों के संचालन से जुड़ी आवश्यक जानकारी भी अभी तक नहीं मिल पाई है। जानकारी के अनुसार विभागों की सहमति से ही डिप्लोमा कोर्सों का संचालन किया जाएगा। अगर विभाग सहमति नहीं देंगे तो इनका संचालन नहीं होगा। इसलिए इससे जुड़ी सूचना विभागों से मांगी गई है। विश्वविद्यालय में पीजी स्तर पर लगभग 30 डिप्लोमा कोर्स और कई एडवांस डिप्लोमा व कुछ सर्टिफिकेट कोर्स भी चलते हैं। इनमें भी स्व वित्तपोषित कोर्सों की तरह 60% अभ्यर्थी मिलने पर ही इनका संचालन किया जाएगा। हालांकि प्रवेश प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों के अनुसार 15 अप्रैल तक इसके आवेदन जारी करने की कवायद चल रही है।

लविवि के डीन पद्मश्री प्रो. बीके शुक्ल सहित सात लोगों की मौत

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ में कोरोना संक्रमण चरम पर पहुंच रहा है। मंगलवार को लविवि के संस्कृत विभाग के वरिष्ठ शिक्षक व डीन कला संकाय पद्मश्री प्रो. बृजेश कुमार शुक्ला सहित सात लोगों की कोराना से मौत हो गई। इसके साथ ही केजीएमयू कुलपति ले. जनरल व कई डॉक्टरों सहित 1188 लोग संक्रमित मिले।

■ केजीएमयू के कुलपति दोबारा कोरोना पॉजिटिव

इसमें लविवि के डिप्टी रजिस्ट्रार व एक छात्रा भी शामिल हैं। कोरोना से जान गंवाने वाले प्रो. बृजेश को होली से पहले संक्रमण हुआ था। मंगलवार सुबह लोहिया संस्थान में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनके निधन पर लखनऊ के सांसद व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शोक जताया। लविवि में इससे पहले पूर्व परीक्षा नियंत्रक प्रो. एके शर्मा की भी मौत हो चुकी है।

राजधानी में तेजी से कोरोना संक्रमण बढ़ रहा है। इसे देखते हुए मंगलवार को 25,563 सैंपल लिए गए। संक्रमण के

राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त करते लविवि के प्रो. बीके शुक्ला (फाइल फोटो)।

मामले में मंगलवार को भी इंदिरानगर सबसे आगे रहा। यहां सर्वाधिक 81, आलमबाग में 45, रायबरेली रोड में 29, महानगर में 45, हजरतगंज में 43, अलीगंज में 44, तालकटोरा में 36, गोमती नगर में 77, चौक में 61, आशियाना में 43, विकास नगर में 35, हसनगंज में 29, जानकीपुरम में 35, ठाकुरगंज में 29 संक्रमित मिले। अब सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 7981 पहुंच गई है। सक्रिय होम आइसोलेशन रोगी 4560 दर्ज किए गए।

NBT PAGE 2

एलयू ने खो दिया संस्कृत का झंडाबरदार

प्रो. बीके शुक्ला ने अभिनव भवन में नया संस्थान शुरू करने में भी निभाई थी अहम भूमिका

■ एनबीटी, लखनऊः प्रो. बीके शुक्ला को साल 2019 में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया था। वह ज्योतिर्विज्ञान विभाग के हेड के साथ कला संकाय के डीन भी थे। उन्होंने अभिनव भवन इंस्टिट्यूट ऑफ एस्थेटिक्स एंड शैव फिलॉसफी को शुरू करने में भी अहम भूमिका निभाई थी, जिसका उद्घाटन 23 मार्च को हुआ था। उन्होंने संस्कृत को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई।

लविवि शिक्षकों का कहना है कि प्रो. शुक्ला के निधन के साथ ज्योतिर्विज्ञान और शैव दर्शन संस्थान दोनों विभागों ने अपने ध्वजवाहक और संरक्षक खो दिए हैं। लुआक्टा अध्यक्ष प्रो. विनीत कुमार वर्मा ने कहा कि प्रो. बीके शुक्ला का निधन सिर्फ लविवि का नुकसान नहीं, बल्कि राष्ट्रीय क्षति है।

20 तक बंद हो एलयू : लूटा

■ एनबीटी, लखनऊ : कोरोना संक्रमण देखते हुए एलयू और उससे संबद्ध कॉलेज दस अप्रैल तक बंद हो चुके हैं। इस बीच लखनऊ विवि शिक्षक संघ (लूटा) ने 20 अप्रैल तक विवि व कॉलेज बंद करने की मांग उठाई है। लूटा के अनुसार महज तीन-चार दिन में कोरोना की चेन नहीं टूटेगी। कम से कम 14 दिन तक संस्थान बंद करने के साथ ही परिसर सैनिटाइज करवाना चाहिए। लूटा अध्यक्ष डॉ. विनीत कुमार वर्मा के मुताबिक विवि के शिक्षाक, कर्मचारी, विद्यार्थी किसी के भी संक्रमित होने पर कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग करवा सार्वजनिक सूचना दी जानी चाहिए। महामंत्री डॉ. राजेन्द्र कुमार वर्मा के अनुसार संक्रमण रोकने के लिए सावधानी जरूरी है।

एलयू प्रशासन को नहीं पता, कैंपस में हैं कितने संक्रमित

■ एनबीटी, लखनऊः एलयू में कुल 21 शिक्षक, कर्मचारी और स्टूडेंट कोरोना की चपेट में आ चुके हैं। दो शिक्षकों की मौत भी हो चुकी है। इस बीच कैंपस में दो अप्रैल को 96 लोगों के सैंपल भी लिए गए थे, लेकिन पांच दिन बाद भी एलयू प्रशासन यह पता नहीं कर सका है कि इनमें से कितने संक्रमित हैं। ऐसे में शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ छात्रावास में रहने वाले स्टूडेंट कोरोना संक्रमण की आशंका से डरे हुए हैं। वहीं, इस बारे में पूछने पर एलयू प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव पल्ला झाड़ते हुए ने कहा कि रिपोर्ट तो जांच करवाने वाले को सीधे जाती है।

सेमिनार से संक्रमण फैलने की आशंका : एलयू में 23 मार्च को एनावाथिक्स और अभिनव फिलोसोफी संस्थान का उद्घाटन हुआ था। अगले दिन 24 मार्च को सेमिनार भी हुआ था। एलयू के शिक्षकों के मुताबिक, इस समारोह में मौजूद रहे आठ संकायों के प्रफेसर कोविड संक्रमित मिले हैं।

HINDUSTAN PAGE 4 & 6

एलयू के प्रोफेसर पद्मश्री बीके शुक्ला का कोरोना से निधन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. एके शर्मा के निधन के बाद संस्कृत विभाग के वरिष्ठ शिक्षक पद्मश्री प्रो. बीके शुक्ला का भी कोरोना संक्रमण के कारण निधन हो गया।

हालात गंभीर होने पर होली के बाद उन्हें डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एलयू के चार शिक्षकों की कोरोना से मौत हो चुकी है। एलयू के करीब एक दर्जन और शिक्षक भी कोरोना की चपेट में हैं। इसमें एक अन्य शिक्षक की हालत की गंभीर है। विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने इसकी पुष्टि की। बढ़ते संक्रमण के कारण ही विश्वविद्यालय में दस अप्रैल तक ऑनलाइन कक्षाएं चलाने निर्णय लिया जा चुका है। वहीं लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने प्रो. बीके शुक्ला के निधन पर शोक व्यक्त किया है। ऑनलाइन शोक सभा में उन्हें

प्रो. बीके शुक्ला (फाइल फोटो)

श्रद्धांजलि दी गई। शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. विनीत वर्मा आदि मौजूद थे।

2019 में मिला था पद्मश्रीः प्रो. बीके शुक्ला को शिक्षा के क्षेत्र में अतुल्य योगदान देने के लिए पद्मश्री सम्मान से नवाजा गया था। प्रो. शुक्ला ने 1992 में एलयू में पढ़ाना शुरू किया। वो संस्कृत व ज्योतिर्विज्ञान विभाग के हेड भी रहे। ज्योतिर्विज्ञान के संयोजक और अभिनव गुप्त शोध संस्थान के निदेशक का भी पदभार रहा है।

कोरोना के बढ़ते संक्रमण के मद्देनजर विवि की मांग पर प्रशासन ने लिया फैसला

एलयू समेत शहर के सभी कॉलेज 10 अप्रैल तक बंद

कोरोना का असर

लखनऊ | निज संवाददाता

कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे सम्बद्ध महाविद्यालय 10 अप्रैल तक बंद रहेंगे।

मंगलवार को कोरोना संक्रमण से एलयू के प्रोफेसर बृजेश कुमार शुक्ला के निधन के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. विनोद सिंह ने जिलाधिकारी से विश्वविद्यालय बंद करने की अनुमति मांगी थी।

इसके बाद जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने लखनऊ विवि और महाविद्यालयों को 10 अप्रैल तक बंद करने की अनुमति दी है। इससे पहले मंगलवार की सुबह प्रो. बृजेश कुमार

शुक्ला के निधन के बाद हर ओर जिला प्रशासन और लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन की आलोचना होने लगी। जानकारी के अनुसार कर्मचारियों की ओर से भी विश्वविद्यालय बंद करने की आवाजें जोर शोर से उठने लगीं।

बता दें कि हर कर्मचारी एक ही बात कह रहा था कि जान बचेगी, तभी नौकरी करेंगे, अगर विश्वविद्यालय प्रशासन पूरी तरह से विश्वविद्यालय बंद नहीं करता ह, तो हम खुद ही अब काम पर नहीं आएंगे। शिक्षक भी कर्मचारियों के स्वर में स्वर मिला रहे थे। सब विवि को बंद करने की मांग कर रहे थे।

लूटा, कर्मचारी परिषद की बंद करने की मांग

लूटा के अध्यक्ष डॉ. विनीत कुमार और महामंत्री डॉ. राजेन्द्र कुमार वर्मा ने कोरोना से हो रही मौतों का हवाला देते हुए कुलपति प्रो. आलोक राय से विवि बंद करने की मांग की। इसके बाद एलयू कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष राकेश यादव और महामंत्री संजय शुक्ला ने तो उपमुख्यमंत्री प्रो. दिनेश शर्मा को पत्र लिखकर विवि के सभी कार्यालय बंद कर परिसर को सैनेटाइज करने की मांग की।

परीक्षा के बजाय छात्रों को प्रमोट कर सकता है विवि

तेजी से बढ़ते कोरोना वायरस के चलते एक बार फिर लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों की पढ़ाई अधर में लटकती दिख रही है। वहीं डिग्री कॉलेजों के शिक्षक नेता विश्वविद्यालय पर लगातार यह दबाव बनाने में लगे हुए हैं कि किसी तरह से छात्रों को प्रमोट कर दिया जाए, उनकी परीक्षा ना ली जाए। इस बाबत लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। रजिस्ट्रार डॉ विनोद कुमार सिंह ने बताया कि दस अप्रैल तक एलयू बंद है। छह अप्रैल से शुरू होने वाली परीक्षाओं को 11 अप्रैल तक ही टाला गया था, लेकिन अब उसके होने पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। अब देखना यह है कि एलयू प्रशासन अगले कुछ दिनों में परीक्षाएं करा पाता है या छात्रों को प्रमोट करता है।

संगठनों के दबाव में झुका एलयू प्रशासन

कर्मचारी व शिक्षकों में रोष को देखते हुए विवि कुल सचिव ने तत्काल जिलाधिकारी से परिसर पूरी तरह से बंद करने की अनुमति मांगी। हालांकि विवि बंद करने की अनुमति देने में जिला प्रशासन हिचक रहा था लेकिन विवि परिवार में फैली दहशत के चलते बढ़ रहे रोष के कारण जिला प्रशासन ने देर शाम को विवि के साथ सभी महाविद्यालय को बंद करने अनुमति प्रदान कर दी। इसके बाद कुल सचिव ने बंद करने का आदेश जारी कर दिया।

i-NEXT PAGE 4

एलयू और उससे संबद्ध कॉलेज 10 तक बंद

20 तक बंद हो एलयू

DAINIK JAGRAN PAGE 3, 4

पद्मश्री से अलंकृत प्रोफेसर बृजेश शुक्ला की कोरोना से मौत

लखनऊ विश्वविद्यालय और संबद्ध कालेज 10 तक बंद

टल गई परीक्षाएं

RASHTRIYA SAHARA PAGE 3

एलयू के प्रो. पद्मश्री बीके शुक्ल की कोरोना से मौत

पद्मश्री लेते प्रो. शुक्ल। (फाइल फाटो)

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. एके शर्मा के निधन के मात्र कुछ दिन ही वीते थे कि यहीं के संस्कृत विभाग के वरिष्ठ शिक्षक पद्मश्री प्रो. वीके शुक्ला का भी कोरोना संक्रमण के कारण निधन हो गया। उन्हें होली से पहले संक्रमण हो गया था, जिसके वाद उन्हें चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालात गंभीर होने पर होली के वाद उन्हें डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां मंगलवार सुवह करीव पांच वजे उनका निधन हो गया। लखनऊ विश्वविद्यालय के करीव एक दर्जन और शिक्षक भी कोरोना की चपेट में है। इसमें एक शिक्षक की हालत गंभीर है। विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने दुख जताते हुए कहा कि यह उनकी निजी क्षति भी है, पद्मश्री प्रोफेसर शुक्ल अपने व्यवहार की वजह से सव के दिलों में वसते हैं। उन्होंने वताया कि वढ़ते संक्रमण के कारण ही विश्वविद्यालय में दस अप्रैल तक ऑनलाइन कक्षाएं चलाने का निर्णय लिया जा चुका है। विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रो वीके शुक्ला को शिक्षा के क्षेत्र में अतुल्य योगदान देने के लिए पदमश्री सम्मान से नवाजा गया था। दिल्ली में राष्ट्रपति ने इन्हें सम्मानित किया था। मंगलवार को सुवह उनके निधन की जानकारी पाकर विवि में शोक की लहर दौड़ गई।

AMRIT VICHAR PAGE 3

प्रोफेसर बीके शुक्ला का कोरोना से निधन

अमृत विचार, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व परीक्षा नियंत्रक प्रो. एके शर्मा के निधन के बाद संस्कृत विभाग के वरिष्ठ शिक्षक पद्मश्री प्रो. बीके शुक्ला का भी कोरोना संक्रमण के कारण निधन मंगलवार की सुबह करीब पांच बजे हो गया।

उन्हें होली से पहले संक्रमण हो गया था, जिसके बाद उन्हें चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालात गंभीर होने पर होली के बाद उन्हें डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इससे लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी स्तब्ध हैं।

प्रो. शुक्ला के अतिरिक्त करीब एक दर्जन और शिक्षक भी कोरोना की चपेट में हैं। इसमें एक अन्य शिक्षक की हालत की गंभीर है।

विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि बढ़ते संक्रमण के कारण ही विश्वविद्यालय में 10 अप्रैल तक ऑनलाइन कक्षाएं चलाने निर्णय लिया जा चुका है।

विवि में शोक की लहर

लूटा ने दी श्रद्धांजलि

लविवि के प्रो. बीके शुक्ला के निधन की खबर फैलते ही पूरे परिसर में शोक की लहर दौड़ गई। पूरे परिसर में कोरोना का डर साफ दिख रहा है। वहीं लखनऊ शिक्षक संघ ने प्रो. शुक्ला के निधन पर शोक व्यक्त किया है। शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. विनीत वर्मा ने बताया कि प्रो. शुक्ला के जाने से लविवि समेत शिक्षा जगत की बड़ी क्षति हुई है।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 3

लविवि व संबद्ध कॉलेज 10 तक बंद, परीक्षाएं भी टलीं

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

VISHWAVARTA PAGE 2

एलयू और 10 कॉलेज 10 अप्रैल तक बंद

» किया जा सकता है विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रमोट

विश्ववार्ता संवाददाता

लखनऊ। कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय सहित उससे सम्बद्ध महाविद्यालय 10 अप्रैल तक बंद रहेंगे। मंगलवार को कोरोना संक्रमण से प्रो. बृजेश कुमार शुक्ला की निधन के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. विनोद सिंह ने जिलाधिकारी से विश्वविद्यालय बंद करने की अनुमति मांगी थी। इसके बाद जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने लखनऊ विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों को 10 अप्रैल तक बंद करने की अनुमति दी है। सुबह जब प्रो. बृजेश कुमार शुक्ला के निधन के बाद हर ओर जिला प्रशासन और लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन की आलोचना होने लगी। कर्मचारियों की ओर से विवि बंद करने की जोर शोर से आवाज उठाने लगी। हर कर्मचारी एक ही बात कहे रहा था कि जान बचेगी, तभी नौकरी करेंगे, अगर विश्वविद्यालय प्रशासन पूरी तरह से विश्वविद्यालय बंद नहीं करता है, तो हम खुद ही अब काम पर नहीं आएंगे। वहीं शिक्षक भी कर्मचारियों के स्वर में स्वर मिलाते नजर आए।

-लूटा और कर्मचारी परिषद ने भी विवि बंद करने की मांग की

दोपहर होते-होते लूटा के अध्यक्ष डॉ. विनीत कुमार और महामंत्री डॉ. राजेन्द्र कुमार वर्मा ने कोरोना संक्रमण के चलते हो रही मौत का हवाला देते हुए कुलपति प्रो. आलोक राय से विवि बंद करने की

मांग कर दी। इसके बाद लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष राकेश यादव और महामंत्री संजय शुक्ला ने तो उपमुख्यमंत्री प्रो.दिनेश शर्मा पत्र लिखकर विवि के सभी कार्यालय बंद कर परिसर को सैनेटाइज करने की मांग की।

पूरे दिन विवि की बंद करने की उठा रही आवाज और कर्मचारी व शिक्षकों में रोष को देखते हुए विवि कुल सचिव ने तत्काल जिलाधिकारी से परिसर पूरी तरह से बंद करने की अनुमति मांगी। हालांकि विवि बंद करने की अनुमति देने में जिला प्रशासन हिचक रहा था, लेकिन विवि परिवार में फैली दहशत के चलते बढ़ रहे रोष के कारण जिला प्रशासन ने देर शाम को विवि के साथ सभी महाविद्यालय को बंद करने अनुमति प्रदान कर दी। इसके बाद कुल सचिव ने विवि सहित सभी महाविद्यालय को 10 अप्रैल तक बंद करने का आदेश जारी कर दिया।

तेजी से बढ़ते कोरोनावायरस के चलते एक बार फिर लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों की पढ़ाई अधर में लटकती दिख रही है। वहीं डिग्री कॉलेजों के शिक्षक नेता विश्वविद्यालय पर लगातार यह दबाव बनाने में लगे हुए हैं। कि किसी तरह से छात्रों को प्रमोट कर दिया जाए उनकी परीक्षाएं ना ली जाएं। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है 1 लखनऊ विश्वविद्यालय रजिस्ट्रार डॉ विनोद कुमार सिंह ने बताया की दस अप्रैल तक लखनऊ विश्वविद्यालय बंद है। छह अप्रैल से शुरू होने वाली परीक्षाओं को 11 अप्रैल तक ही टाला गया था, लेकिन अब उसके होने पर भी सवाल खड़े हो गया है। अब देखना यह है कि लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन अगले कुछ दिनों में परीक्षाएं करा पाता है या छात्रों को प्रमोट करके उन्हें अगली कक्षा में जाने देता है।